RAF SECTOR

NEWS CLIP

08/08/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Jaltedep, Jaipur, (RAJ)

83 आरएएफ नें किया पर्यावरण की शुद्धता के लिए वृक्षारोपण

■ जलतेदीप, कासं, जयपुर

प्रवीण कुमार सिंह, कमान्डेंट-83 बटा द्रुत कार्य बल के मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन, जयपुर के सौजन्य से RCWA के अन्तर्गत दिनॉक 06/08/2022 को 83 द्रुत कार्य बल, लालवास, जयपुर (राज) में अधिकारियों तथा जवानों के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान प्रवीण कुमार सिंह, कमान्डेण्ट ने अवगत करवाया कि पौधे लगाने से प्रकृति के सौन्दर्यकरण के साथ पर्यावरण को स्वच्छ बनाया जा सकता है एवं जो लोग प्रकृति के नजदीक रहते है, प्रकृति उन्हे स्वयं संरक्षित करती है। जिसके लिए कैम्प को हरा-भरा करने तथा पर्यावरण की शुद्धता के लिए लगभग 50 फलदार एवं छांयादार पौधे लगाये गये।

साथ ही लगाये गये पौधों की देखरेख, सुरक्षा एवं समय-समय पर जलापूर्ती करने के लिए जवानों को अवगत कराया ।

Jagat kranti, Jaipur, (RAJ)

रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

■ जगत क्रान्ति

जयपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स की ओर से पौधारोपण किया जा रहा है। जयपुर के आमेर में लालवास स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन को 23500 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया था। रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने शनिवार को बटालियन कैंपस में महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के निर्देशन में पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। बटालियन कैंपस में रैपिड एक्शन फोर्स के अधिकारियों और महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पौधारोपण किया। नीम, जामुन, बिल्वपत्र समेत फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल ने पौधारोपण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी ली। महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन की ओर से रैपिड एक्शन फोर्स के अधिकारियों और जवानों को प्लेग, पेन और दुप्पटा देकर सम्मानित किया गया। आरएएफ कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि इस मानसून में रैपिड एक्शन फोर्स को केंद्र सरकार की ओर से 23500 वृक्षारोपण का लक्ष्य दिया गया था। लक्ष्य से भी ज्यादा पौधे रोपण का काम किया गया गया है। रैपिड एक्शन फोर्स की ओर से गोद लिए गए गावों को हरा भरा करने के लिए पौधारोपण किया जा रहा है। रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन कैंपस के वातावरण को और बेहतर बनाने के लिए पौधे लगाए गए हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 83 बटालियन की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आमजन को भी पौधों के महत्व के बारे में जानकारियां दी जा रही है। कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि पौधे लगाने से प्रकृति के सौन्दर्यकरण के साथ पर्यावरण को स्वच्छ बनाया जा सकता है। जो लोग प्रकृति के नजदीक रहते है, प्रकृति उन्हे स्वयं संरक्षित करती है। जिसके लिए कैम्प को हरा-भरा करने और पर्यावरण की शुद्धता के लिए लगभग 50 फलदार और छांयादार पौधे लगाये गये। साथ ही लगाये गये पौधों की देखरेख, सुरक्षा और समय-समय पर जलापूर्ती करने के लिए जवानों को अवगत कराया। इस अवसर पर कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल, उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण, निष्ठा पुरी, शकुन्तला जैन, महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन अध्यक्ष सुभाष गोलेच्छा, पीसी छाबड़ा, 83 वाहिनी के अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

TREE PLANTATION DRIVE BY 83BN RAF JAIPUR, (RAJATHAN)

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।